# Indira Gandhi National Open University

Regional Centre, 5-C/INS-1, Sector-5, Vrindavan Yojna, Telibagh, Lucknow - 226 024

## Report on Press Varta organized at IGNOU LSC-27188, Dayanand Vedic PG College, Orai (Jalaun)

IGNOU Regional Centre, Lucknow has organized **Press Varta IGNOU Learner Support Centre - 27188, Dayanand Vedic PG College, Orai (Jalaun)** on **Thursday, 25th April, 2024** about promotion of IGNOU Programmes. Press Varta has been attended by **Dr. Anil Kumar Misra**, Additional Director, **Dr. Nishith Nagar**, Assistant Registrar, IGNOU, Regional Centre, Lucknow, **Dr. Rajesh Chandra Pandey**, Principal, **Dr. Shailja Gupta**, Coordinator, **Dr. Namo Narayan**, Assistant Coordinator and **Dr. Alka Rani**.






# इग्नू के माध्यम से एक साथ कर सकेंगे दो कोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

उरई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्याल (इग्नू) अध्ययन केंद्र दयानंद वैदिक कालेज इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अब एक साथ दो पाठ्यक्रमों को करने की अनुमति प्रदान की गई है।

जिससे विद्यार्थियों को दो डिग्री कोर्स को अब एक ही समय में करने की सुविधा प्राप्त होगी, इसमें

### अब एक साथ दो पाठ्यक्रमों को करने की अनुमति दी गई

एक उपाधि संस्थागत व दूसरा इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अथवा दोनों ही इग्नू से कर सकते है। सहायक कुलसचिव डॉ. निशित नागर ने बताया कि अग्निवीर सैनिकों के लिए कौशल आधारित स्नातक उपाधि कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. शैलजा गुप्ता, प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पांडेय डॉ. अलका रानी पुरवार आदि मौजूद रहे।

# आनलाइन 300 पाठ्यक्रमों का संचालन कर रही इग्नू

जागरण संवाददाता, उरई : इग्नू ओडीएल व आनलाइन मोड के 300 पाठ्यक्रमों का संचालन कर रही है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र दयानंद वैदिक विद्यालय में इग्नू के क्षेत्रीय अपर निदेशक डा. अनिल कुमार मिश्रा व सहायक कुलसचिव डा. निशित नागर ने जानकारी दी। बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र उच्च शिक्षा से वंचित समाज को शिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अपर निदेशक ने कहा कि नई शिक्षा नीति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से अब एक साथ दो पाठ्यक्रमों को करने की अनुमति प्रदान की गई है। जिससे विद्यार्थियों को दो डिग्री कोर्स को अब एक ही समय में करने की सुविधा प्राप्त होगी। इसमें एक उपाधि संस्थागत व दूसरा इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से व दोनों ही इग्नू से कर सकते हैं। सहायक कुलसचिव डा. निशित नागर ने बताया कि इग्नू द्वारा ओडीएल व आनलाइन मोड में पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इग्नू 21 विद्यापीठों के माध्यम से मानविकी, कानून, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा, सतत शिक्षा, कंप्यूटर, कृषि, स्वास्थ्य विज्ञान, पत्रकारिता इत्यादि से संबंधित पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। इस दौरान क्षेत्रीय अपर निदेशक डा. अनिल कुमार मिश्रा, प्राचार्य डा. राजेश चंद्र पांडेय, संयोजक डा. अलका रानी पुरवार, केंद्र समन्वयक डा. शैलजा गुप्ता मौजूद रहीं।

